तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजूराम विश्नोई बनाम लो.सू.अ. (अपर कलक्टर तृतीय जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 122 / 2020	
14.09.20	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई, पता 564, मंगलनगर गुड़ा विश्नोईयान, पं.सं.लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 20.06.20 में उसके द्वारा (1) राजस्व गांव काकांणी तहसील लूणी के खसरा नम्बर 888 एवं 888 / 8 में मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत तहसीलदार लूणी के संपरिवर्तन आदेश एवं हलका पटवारी कांकाणी एवं तहसीलदार लूणी की मौका रिपोर्ट की सत्यापित छायाप्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर तृतीय जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर तृतीय जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लो.सू.अ..(अपर कलक्टर तृतीय जोधपुर) से जरिये पत्रांक 2849 दिनांक 25.08.20 रिपोर्ट प्राप्त हुई। लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट से स्पष्ट नहीं हो रहा है कि अपीलार्थी / प्रार्थी को सूचना दी गई या नहीं। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा [illegible] सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर तृतीय जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी [illegible] उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के [illegible] अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालन [illegible] प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Anop Singh Ind
Date: 2020.10.13 17:38:54 IST
Reason: SelfAttested